8. उपन्यास के विविध प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

9. 'निर्मला' उपन्यास में व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड—स **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

10. 'नीलकान्त का सफर' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

11. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'निर्मला' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

12. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी में कहानीकार के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए देशकाल वातावरण का चित्रण कीजिए।

13. कहानी की विकास यात्रा पर एक विस्तृत लेख लिखिए।

HD–02

December – Examination 2023

B.A. (Ist Year) Examination

HINDI LITERATURE

(Katha Sahitya)

Paper : HD-02

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) 'उसने कहा था' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

   (ii) आंचलिक कहानी किसे कहते हैं ?

(iii) **दो** ऐतिहासिक कहानीकारों के नाम लिखिए।

(iv) 'चीफ की दावत' कहानी के प्रमुख पात्र का नाम लिखिए।

(v) 'पुरस्कार' कहानी की नायिका का नाम लिखिए।

(vi) 'परमात्मा का कुत्ता' के लेखक का नाम लिखिए।

(vii) कहानी व उपन्यास में अंतर लिखिए।

(viii) 'बुद्धु का कांटा' और 'सुखमय जीवन' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

खण्ड—ब 4×7=28

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंक का है।

2. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"पत्नी को हल्का सा झटका लगा, मानो माथे पर किसी ढीठ ततैया ने डंक मार दिया हो। क्षणभर के लिए वह तिलमिला उठी। फिर एक गहरा उच्छ्वास भरकर तिक्त वाणी में कहने लगी। 'इतनी दूर आने पर भी तुम्हारे मन में वही कसमसाहट टीस रही है ? ऐसा ही स्नेह उमड़ रहा है तो वापस लौट जाओ। अभी तो कुछ नहीं बिगड़ा।"

3. निम्न गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"आतंक से विवेक कुण्ठित होता है और या तो मनुष्य उससे उत्तेजित ही रहता है, या उसके भय से दबा रहता है। दोनों ही स्थितियाँ श्रेष्ठ नहीं हैं। हमारा लक्ष्य बुद्धि को चारों ओर से जगाना है, उसे आतंकित करना नहीं। सरकार व्यक्ति के और राष्ट्र के विकास के ऊपर बैठकर उसे दबाना चाहती है। आतंक से वह काम नहीं होगा।"

4. गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"रेलवे क्वार्टर का वह कमरा जिसमें उन्होंने कितने वर्ष बिताये थे, उनका सामान हट जाने से कुरूप और नग्न लग रहा था। आंगन में रोपे पौधे भी जान पहचान के लोग ले गए थे और जगह-जगह मिट्टी बिखरी हुई थी। पर पत्नी, बाल बच्चों के साथ रहने की कल्पना में यह विछोह, एक दुर्बल लहर की तरह उठकर विलीन हो गया।"

5. 'पूस की रात' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

6. 'उसने कहा था' कहानी के पात्र लहना सिंह की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

7. 'महाभोज' उपन्यास में समसामयिक व्यवस्था/समस्या को रेखांकित किया गया है, स्पष्ट कीजिए।